दिन– शनिवार दिनांक– 21/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

प्रदेश से होकर गुजरने वाली गंगा, सोन, पुनपुन, घाघरा, बूढी गंडक और कोसी समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट में खतरे के निशान से एक सौ छब्बीस सेंटीमीटर और गांधी घाट में खतरे के निशान से एक सौ इकसठ सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। वहीं, हाथीदह में नदी खतरे के निशान से एक सौ तिरेसठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। इधर, मुंगेर में भी गंगा नदी ने रौद्र रूप धारन कर रखा है। यहां नदी का जलस्तर खतरे के निशान से पचास सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया, जिसमें बढ़ोतरी की प्रवृती जारी है। गंगा नदी भागलपुर में खतरे के निशान से बहत्तर सेंटीमीटर और कहलगांव में एक सौ तैंतीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। सोन नदी का जलस्तर भी पटना के मनेर में खतरे के निशान से एक सौ अठारह सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। इधर, पुनपुन नदी का जलस्तर पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान से तिरानवे सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से दो सौ नौ सेंटीमीटर ऊपर है। कोसी नदी कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से निन्यानवे सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। इधर, घाघरा नदी सीवान के दरौली में खतरे के निशान से चौबीस सेंटीमीटर ऊपर है।

———————————————————————

पटना, सारण, भोजपुर, बेगूसराय और बक्सर समेत राज्य के दस जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। इन जिलों की साढे पांच लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। आपदा प्रबंधन विभाग और स्थानीय प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाये जा रहे हैं। प्रभावित इलाकों में लोगों के लिए सामुदायिक रसोई घर बनाए गए हैं। इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों के बीच पॉलिथिन शीट और दवाईयों समेत अन्य जरूरी सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गंगा नदी के बढते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों

को पूरी तरह अलर्ट रहने और बाढ़ की स्थिति की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा एक हजार नौ सौ चौंसठ पदों के लिए आयोजित की जायेगी। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई ने बताया कि सत्रह विभागों से एक हजार नौ सौ उनतीस पदों की अधियाचना प्राप्त हुई है। वहीं, दो अन्य विभागों द्वारा पैंतीस पदों की जानकारी दी गयी है। श्री मनु भाई ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया अगले सप्ताह तक शुरू होने की सम्भावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा का आयोजन एक से अधिक प्रश्न पत्रों के माध्यम से किया जा सकता है। प्रारंभिक परीक्षा नवम्बर के तीसरे या चौथे सप्ताह तथा मुख्य परीक्षा फरवरी या मार्च महीने में आयोजित की जायेगी।

———————————————————————————

प्रदेश में जारी भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग छत्तीस लाख लोगों ने स्व–घोषणा पत्र दाखिल किया है। इनमें से रैयतों ने लगभग पच्चीस लाख स्व–घोषणा पत्र शिविरों में जाकर ऑफलाइन और ग्यारह लाख पत्र ऑनलाइन दाखिल किये गए हैं। राजस्व और भूमि सुधार विभाग की ओर से कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान विभागीय सचिव जय सिंह ने कहा कि प्रदेश के चार सौ पैंतालीस अंचलों में स्व घोषणा का कार्य चल रहा है। उन्होंने लोगों से सर्वे को लेकर अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

———————————————————————————

आज पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

———————————————————————————

एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को देश को अगले वायु सेना प्रमुख बनाया है। वे वर्तमान में वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। अमर प्रीत सिंह इस महीने की तीस तारीख को एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी से वायु सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे।

———————————————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन स्थित बाकी गांव में दो पक्षों के हुई जमीनी विवाद में गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, घटना में छह लोग गंभीर रूपये से घायल हो गए।

———————————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने छापेमारी कर एक बाल मजदूर को मुक्त कराकर बाल सुधार गृह को सौंप दिया।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।